# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

पंचम् झारखण्ड विधान सभा — सप्तम्(शीतकालीन) सत्र

संख्या-01 — गुरुवार, दिनांक-16 दिसम्बर, 2021 ई०।

समय-11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.45 बजे पूर्वा० तक।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

### 1. अध्यक्ष का प्रारम्भिक वक्तव्य:-

पंचम् झारखण्ड विधान सभा के सप्तम् (शीतकालीन) सत्र के अवसर पर आसन द्वारा सभी माननीय सदस्यों का हार्दिक अभिनन्दन एवं स्वागत किया गया। इसके उपरांत उन्होंने आहूत सत्र में कुल-05 कार्य-दिवसों के दौरान लिये जानेवाले विषयों के सम्बन्ध में सदन को अवगत कराते हुए संसूचित किया कि वित्तीय वर्ष-2021-22 के द्वितीय अनुपूरक व्यय-विवरणी के व्यवस्थापन हेतु एक दिन, राजकीय विधेयक के लिए दो दिन एवं गैर सरकारी संकल्प के लिए एक दिन निर्धारित है। इसके अतिरिक्त झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियमों के अधीन माननीय सदस्यों को जनसरोकार से जुड़े विषयों पर सत्र के दौरान प्रश्न, शून्यकाल एवं ध्यानाकर्षण सूचनायें आदि को उठाये जाने के अवसर भी प्राप्त होंगे, से भी सदन को अवगत कराया। इसके बाद वीरों की धरती झारखण्ड के 21वर्ष पूरे होने पर यहाँ के सभी वीर सपूतों को नमन करते हुए एकजुटता का संदेश दिया।

वर्ष-1971 में आज ही के दिन भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम ने पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया था। अतएव विजय के इस दिवस पर उन वीर जवानों को भी नमन किया गया। वर्ष-2021 इसलिए भी महत्त्वपूर्ण है क्योंकि संसदीय परम्पराओं के उत्तरोत्तर विकास के 100 साल पूरे हो चुके हैं। आसन द्वारा सदन के सभी माननीय सदस्यों को सौभाग्यशाली बताया गया क्योंकि सभी इस गरिमामयी ऐतिहासिक संस्था के अंग हैं जहाँ इसी वर्ष युवाओं को संसदीय व्यवस्था के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सदन की कार्यवाही संचालित की गयी। अभी देश भयावह कोरोना वायरस के प्रभाव से उबर भी नहीं पाया था तब तक ओमिक्रॉन का दुष्प्रभाव आने लगा है जिसमें सबों को एकजुट रहने की आवश्यकता पर जोर दिया गया तथा सत्र के संचालन में सबों से सक्रिय भागीदारी की अपेक्षा की गयी। सभी माननीय सदस्य सदन में अपने कर्त्तव्यों का सदाचरण के साथ पालन करते हुए सकारात्मक सहयोग करेंगे, ऐसी कामना के साथ पुनः एक बार अभिनंदन किया गया।

## 2.सभापति तालिका की घोषणा:-

आसन द्वारा झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम-10(1) के तहत पंचम् झारखण्ड विधान सभा के सप्तम् (शीतकालीन) सत्र के निमित्त निम्नांकित माननीय सदस्यों को सभापति मनोनीत किया गया-

| | |
|---|---|
| श्री स्टीफन मराण्डी | स०वि०स० |
| श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी | स०वि०स० |
| श्रीमती सीता मुर्मू | स०वि०स० |
| श्री विरंची नारायण | स०वि०स० एवं |
| श्री नमन विक्सल कोनगाड़ी | स०वि०स०। |

## 3.कार्य-मंत्रणा समिति का गठन:-

आसन द्वारा झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम-224(1) के तहत पंचम् झारखण्ड विधान सभा के सप्तम् (शीतकालीन) सत्र के निमित्त कार्य-मंत्रणा समिति का गठन निम्न प्रकार से किया गया-

| | | |
|---|---|---|
| श्री रबीन्द्रनाथ महतो | अध्यक्ष | सभापति |
| श्री हेमन्त सोरेन | मुख्यमंत्री | सदस्य |
| श्री आलमगीर आलम | संसदीय कार्य मंत्री | सदस्य |
| श्री सत्यानन्द भोक्ता | मंत्री | सदस्य |
| श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह | स०वि०स० | सदस्य |
| श्री सुदेश कुमार महतो | स०वि०स० | सदस्य |
| श्री सरयू राय | स०वि०स० | सदस्य। |

### विशेष आमंत्रित सदस्य

| | |
|---|---|
| श्री चम्पाई सोरेन | मंत्री |
| डॉ० रामेश्वर उराँव | मंत्री |
| श्री नलिन सोरेन | मुख्य सचेतक (सत्तारुढ़ दल) |
| श्री स्टीफन मराण्डी | स०वि०स० |
| श्री लोबिन हेम्ब्रम | स०वि०स० |
| श्री नीलकण्ठ सिंह मुण्डा | स०वि०स० |
| श्री प्रदीप यादव | स०वि०स० |
| डॉ० सरफराज अहमद | स०वि०स० |
| श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी | स०वि०स० |
| श्रीमती अपर्णासेन गुप्ता | स०वि०स० |
| श्री विनोद कुमार सिंह | स०वि०स० एवं |
| श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह | स०वि०स०। |

नियमानुसार अध्यक्ष इस समिति के सभापति तथा सभा सचिव इसके सचिव होंगे तदुपरांत आसन द्वारा संसूचित किया गया कि सदन की कार्यवाही के तुरत बाद उनके कार्यालय कक्ष में उक्त समिति की बैठक होगी जिसमें समिति के सभी माननीय सदस्यों से उपस्थित रहने हेतु अनुरोध किया गया।

ह० अ० उ०—

## 4.औपचारिक कार्य:-

आसन द्वारा पुकारे जाने पर सभा सचिव द्वारा झारखण्ड विधान सभा के गत सत्र में उद्‌भूत एवं सभा द्वारा पारित विधेयकों की एक विवरणी सभा पटल पर रखी गयी जिसपर माननीय राज्यपाल ने अपनी अनुमति प्रदान की है और जिसकी सूचना पंचम् झारखण्ड विधान सभा के षष्ठम् (मॉनसून) सत्र की समाप्ति के बाद प्राप्त हुई है-

**माननीय राज्यपाल द्वारा अनुमत विधेयकों की विवरणी:-**

| क्रमांक | अनुमत विधेयक का नाम | अनुमति की तिथि | अधिनियम की संख्या |
|---|---|---|---|
| 01 | श्रीनाथ विश्वविद्यालय विधेयक, 2021 | 02.09.2021 | 07/2021 |
| 02 | झारखण्ड विनियोग (संख्या-03) विधेयक, 2021 | 21.09.2021 | 08/2021 |
| 03 | झारखण्ड नगरपालिका (संशोधन), विधेयक, 2021 | 21.10.2021 | 09/2021 |
| 04 | झारखण्ड माल और सेवा कर (संशोधन), विधेयक, 2021 | 28.10.2021 | 10/2021 |
| 05 | झारखण्ड राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन (संशोधन), विधेयक, 2021 | 28.10.2021 | 11/2021 |
| 06 | झारखण्ड राज्य खुला विश्वविद्यालय विधेयक, 2021 | 02.11.2021 | 12/2021 |

## 5.कृत-कार्रवाई प्रतिवेदन का उपस्थापन:-

आसन द्वारा पुकारे जाने पर माननीय संसदीय कार्य मंत्री, श्री आलमगीर आलम द्वारा द्वारा झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम-244(2) के अधीन पंचम् झारखण्ड विधान सभा के षष्ठम् (मॉनसून) सत्र में विभिन्न विषयों पर सरकार द्वारा दिये गये आश्वासनों से सम्बन्धित कृत-कार्रवाई प्रतिवेदन की प्रति सभा पटल पर रखी गयी।

## 6.शोक-प्रकाश:-

विगत सत्र से अब तक के अन्तराल में हमारे बीच से कई राजनेता, कलाकार, समाजसेवी, साहित्यकार और आम नागरिक गुजर गये है जिनमें देश के प्रथम चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल, बिपिन रावत, ईचागढ़ के पूर्व सदस्य, साधु चरण महतो, बिहार विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष, सदानंद सिंह, पूर्व केन्द्रीय मंत्री, ऑस्कर फर्नान्डीस, प्रख्यात् लेखिका, मन्नू भण्डारी एवं वरिष्ठ पत्रकार, विनोद दुआ प्रमुख हैं। इसके अतिरिक्त बिहार विधान सभा के वर्त्तमान माननीय सदस्य, मुसाफिर पासवान, पूर्व मंत्री, खालिद रशीद सबा, धारावाहिक, रामायण में रावण की भूमिका अदा करनेवाले अरविंद त्रिवेदी, कवयित्री एवं लेखिका, कमला भसीन, जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले में शहीद दो जवान, त्रिशूल आरोहण के दौरान भूस्खलन से चार नौसैनिकों तथा उत्तराखण्ड में भारी बारिश से 25 लोगों के निधन, लातेहार के बालूमाथ प्रखण्ड में करमडाली के विसर्जन के दौरान सात

ह० प्र० 30-

बच्चियों की हुई मृत्यु, गढ़वा एवं पलामू जिले वज्रपात से सात लोगों की हुई दर्दनाक मौत पर आसन द्वारा दिवंगत आत्माओं के प्रति अपनी श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की गयी कि उनके परिवारों को शोक सहन करने की क्षमता वह प्रदान करें।

इसके उपरांत बारी-बारी से आसन द्वारा पुकारे जाने पर माननीय सदन नेता एवं मुख्यमंत्री, श्री हेमंत सोरेन, माननीय सदस्य, श्री बिरंची नारायण, माननीय संसदीय कार्य मंत्री, श्री आलमगीर आलम, माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव, श्री सुदेश कुमार महतो, माननीय मंत्री, श्री सत्यानन्द भोक्ता, माननीय सदस्य, श्री विनोद कुमार सिंह, श्री कमलेश कुमार सिंह, श्री सरयू राय एवं माननीय सदस्य, श्री अमित कुमार यादव द्वारा भी ऊपर अंकित दिवंगत आत्माओं के साथ-साथ अन्यों के प्रति भी गहरी शोक-संवेदना व्यक्त की गयी तदुपरांत दो मिनट का मौन रखा गया। इसके पश्चात् सभा की कार्यवाही शुक्रवार, दिनांक-17.12.2021 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गयी।

रॉंची,
दिनांक- 16 दिसम्बर, 2021 ई०।

सैयद जावेद हैदर
प्रभारी सचिव।
झारखण्ड विधान सभा।